संख्या– 314 /XXIV-C-1/2024-12(12)2022

प्रेषक,

**शैलेश बगौली**
सचिव
उत्तराखण्ड शासन

सेवा में,

1. **मा0 कुलपति**
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल/श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल/सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा/दून विश्वविद्यालय, देहरादून /उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी।

2. **समस्त प्राचार्य**
सम्बद्ध परिसर/महाविद्यालय (राजकीय, अनुदानित) उत्तराखण्ड।

उच्च शिक्षा अनुभाग–1 (समर्थ पोर्टल) देहरादून, दिनांकः 26 मार्च, 2024

विषयः–राज्य के विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में समर्थ पोर्टल के माध्यम से फीडबैक मॉड्यूल को प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत परिणाम आधारित शिक्षा (Outcome Based Education) के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु राज्य के उच्च शिक्षा विभागान्तर्गत समर्थ पोर्टल के माध्यम से स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की प्रवेश, परीक्षा आवेदन एवं परीक्षा ईआरपी इत्यादि मॉड्यूल को सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है।

2– अवगत कराना है कि अगले चरण में समर्थ पोर्टल में फीडबैक मॉड्यूल को उच्च शिक्षण संस्थानों में लागू किया जा रहा है, जो उच्च शिक्षा के शैक्षणिक और प्रशासनिक दक्षताओं के उन्नयन हेतु विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों से गुणात्मक प्रतिपुष्टि (फीडबैक) प्राप्त करेगा, प्राप्त प्रतिपुष्टि (फीडबैक) के विश्लेषण के आधार पर संस्थान अपने शैक्षणिक योजनाओं, पाठ्यक्रमों, और प्रशासनिक दक्षताओं का समय–समय पर मूल्यांकन एवं रणनीतियों के माध्यम से आपेक्षित सुधार कर सकेंगे, इसके साथ ही यह फीडबैक मॉड्यूल संस्थानों के नैक (NAAC) प्रत्यायन एवं मूल्यांकन हेतु भी महत्वपूर्ण होगा।

3 – इस सम्बन्ध में प्रतिपुष्टि प्रपत्र (हिन्दी एवं अंगेजी में) की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने संस्थान (समस्त राज्य विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों) में समर्थ पोर्टल द्वारा फीडबैक मॉड्यूल को प्रभावी ढंग से लागू करने एवं अध्ययनरत विद्यार्थियों से समयबद्ध पूरित करवाने का कष्ट करें।



Generated from eOffice by MAMTA ARYA, RO-MA, REVIEW OFFICER, Higher Education Department on 26/03/2024 11:38 AM

संलग्नः—यथोक्त।

Signed by Shailesh Bagauli
Date: 26-03-2024 10:54:11

भवदीय

(शैलेश बगौली)
सचिव

पु0सं0: 314 /XXIV-C-1/2024-12(12)2024 तद्‌दिनांक
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित—

1. वरिष्ठ निजी सचिव—मा0 उच्च शिक्षा मंत्री जी, उत्तराखण्ड शासन।
2. कुलसचिव—कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल/श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय/ सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा।
3. निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, हल्द्वानी (नैनीताल)।
4. श्री नितिन जोशी, समर्थ टीम, नई दिल्ली।
5. डॉ0 शैलेन्द्र कुमार सिंह, नोडल अधिकारी, डिजिटल इनिशिएटिव, उच्च शिक्षा विभाग, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कि आप उक्त फीडबैक मॉड्यूल को समस्त उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

आज्ञा से,

(ब्योमकेश दूबे)
उपसचिव।



Generated from eOffice by MAMTA ARYA, RO-MA, REVIEW OFFICER, Higher Education Department on 26/03/2024 11:38 AM

# Feedback Questionnaire for Higher Educational Institutions

## A. Faculty Review

1. Are your classes conducted regularly as per the curriculum? **(Yes/ Sometimes /No)**
   क्या आपकी कक्षाएँ पाठ्यक्रम के अनुसार नियमित रूप से संचालित होती हैं? (हां / कभी–कभी / नहीं)

2. Do your teachers use modern teaching techniques such as project-based teaching, virtual labs, and PowerPoint presentations? **(Yes/ Sometimes /No)**
   क्या आपके शिक्षक प्रोजेक्ट–आधारित शिक्षण, वर्चुअल लैब और पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन जैसी आधुनिक शिक्षण तकनीकों का उपयोग करते हैं? (हां / कभी–कभी / नहीं)

3. Do your teachers encourage asking questions and group discussions in class? **(Yes/Sometimes/No)** क्या आपके शिक्षक कक्षा में प्रश्न पूछने और समूह चर्चा को प्रोत्साहित करते हैं? (हां / कभी–कभी / नहीं)
4. Is the lecture given by the teachers well organized and easy to understand? **(Yes/ No)**
   क्या शिक्षकों द्वारा दिया गया व्याख्यान सुव्यवस्थित और समझने में आसान है? (हां / कभी–कभी / नहीं)

5. Are teachers encouraged to do research? **(Yes/Sometimes/No)**
   क्या शिक्षकों द्वारा शोध करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है? (हां / कभी–कभी / नहीं)

6. Does the teacher provide guidance for assignments and practical? **(Yes/No/Sometimes)**
   क्या शिक्षक असाइनमेंट और प्रैक्टिकल के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हैं? (हां / कभी–कभी / नहीं)

## B. Institute Infrastructure

1. How often do you visit the library? **(Everyday/Once a week/2-4 days a week/Never)**
   आप कितनी बार पुस्तकालय जाते हैं? (प्रतिदिन / सप्ताह में एक बार / सप्ताह में 2–4 दिन / कभी नहीं)

2. Does the institute have study facilities in classrooms (chairs, tables, electricity and whiteboards)? **(Yes/ No)**
   क्या संस्थान के पास कक्षा में अध्ययन सुविधाएं (कुर्सियाँ, मेज, बिजली और व्हाइटबोर्ड) उपलब्ध हैं? (हां / नहीं)

3. Does the institute have access to clean drinking water and toilets Separately (Female/Male)? **(Yes/No/Sometimes)**
   क्या संस्थान के पास स्वच्छ पेयजल और शौचालय पृथक–पृथक (महिला / पुरूष) की सुविधा है? (हां / कभी–कभी / नहीं)

4. Are the necessary equipment and tools available and functioning properly in the



Generated from eOffice by MAMTA ARYA, RO-MA, REVIEW OFFICER, Higher Education Department on 26/03/2024 11:38 AM

laboratory as per the curriculum? **(Yes/ No)**
क्या प्रयोगशाला में पाठ्यक्रम के अनुसार आवश्यक उपकरण एवं औजार उपलब्ध एवं सुचारू रूप से कार्यरत हैं? (हां/नहीं)

## C. Institute Progression

1. Are you satisfied with the career counseling facilities offered by the college? **(Yes/No)**
   क्या आप कॉलेज द्वारा दी जाने वाली करियर काउंसलिंग सुविधाओं से संतुष्ट हैं? (हां/नहीं)

2. Are skill based courses offered in your institute? **(Yes/No)**
   क्या आपके संस्थान में कौशल आधारित पाठ्यक्रम उपलब्ध एवं संचालित हैं? (हां/नहीं)

3. Are you encouraged and supported to actively participate in activities like Sports, NSS, NCC or other non-academic activities? **(Mostly/ Sometimes/ Never)**
   क्या आपको खेल, एनएसएस, एनसीसी या अन्य गैर–शैक्षणिक गतिविधियों जैसी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित और समर्थित किया जाता है? (अधिकतर/कभी–कभी/कभी नहीं)

4. Are you familiar with the scholarship that you may be eligible for? **(Yes/No)**
   क्या आप उन छात्रवृत्ति से परिचित हैं जिनके लिए आप पात्र हो सकते हैं? (हां/नहीं)

5. Does your institute conduct educational visits? **(Yes/ No)**
   क्या आपके संस्थान द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया जाता है? (हां/नहीं)

## D. Samarth

1. The Samarth Portal has simplified and made the admission and examination processes easy to access. **(Yes/No)**
   समर्थ पोर्टल ने प्रवेश और परीक्षा प्रक्रियाओं को सरल और आसान बना दिया है। (हां/नहीं)

2. Samarth Portal provides adequate support and assistance during the registration, admission and examination process. **(Yes/No)**
   समर्थ पोर्टल पंजीकरण, प्रवेश और परीक्षा प्रक्रिया के दौरान पर्याप्त सहयोग एवं सहायता प्रदान करता है। (हां/नहीं)



Generated from eOffice by MAMTA ARYA, RO-MA, REVIEW OFFICER, Higher Education Department on 26/03/2024 11:38 AM